# इंस्टीट्यूशन ऑफ सेफ्टी इंजीनियर्स (इंडिया) के द्वारा आईएसईआई उत्कृष्टता पुरस्कार 2023 कार्यक्रम के आयोजन का संक्षिप्त में विवरण

## 1. विवरण

इंस्टीटूशन ऑफ़ सेफ्टी इंजीनियर्स (इंडिया) एक गैर लाभकारी संस्था हैं जो जेड. जे. ई. डब्लू. ट्रस्ट के अधीन चलता था और अब भारत सरकर से पंजीकृत है। यह संस्था दुर्घटना को रोकने, पर्यावरण को सुरक्षित रखने तथा आपदा के दौरान होने वाले नुकसान को कम करने के लिए काम करता है। इसके अलावा जरुरतमन्दो और गरीब छात्रों को नि: शुल्क रोजगार के लिए प्रशिक्षण देने और समाज के विकास के लिए दूसरे कई कार्य करता है। ये संस्था देश के विभिन्न हिस्सों के साथ छत्तीसगढ में विगत कई वर्षो से कार्य कर रहा है।

इंस्टीटूशन ऑफ़ सेफ्टी इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिनांक 23/12/2023 समय सुबह 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक आईएसईआई उत्कृष्टता पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन रायपुर स्थित बेबीलोन इंटरनेशनल होटल में किया गया। 11वीं वर्षगांठ मनाने का विषय (थीम) "सुरक्षित कार्य करें और प्रकृति को बचाएं" था। इस थीम के अंतर्गत समाज के लोगो के बीच एवं विभिन्न उद्योगों में कई प्रोग्राम किये गए जिसका उद्देश्य लोगो के बीच एवं उद्योगों के कामगारों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था ताकि दुर्घटनाओ को रोका जा सके और प्रकृति को बचाया जा सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रज्जू कुमार, डिप्टी चीफ इंस्पेक्टर ऑफ़ फैक्ट्री छत्तीसगढ़ सरकार, श्री अश्वनी कुमार पटेल, सहायक निदेशक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा छत्तीसगढ़ सरकार, डा. एस. के. हलदर पूर्व उप महानिदेशक फ़ैक्टरी सलाह सेवा & श्रम संस्थान भारत सरकार, डॉ आनंद वर्मा और दूसरे कई अतिथि मौजुद थे। संस्था के चेयरमैन डॉ. एस. रामपुरी, निदेशक डॉ. एम. एस. नवाज, तमन्ना अफ़रोज़, निधि दुबे तथा दूसरे वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

कार्यक्रम सुरक्षा शपथ से शुरू हुआ। प्रतिभागियों का स्वागत छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक संस्कृति नृत्य एवं गीत के द्वारा किया गया एवं छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक संस्कृति के बारे में जागरूक किया गया।

चेयरमैन एस. रामपुरी ने संस्था द्वारा विगत वर्षो दुर्घटनाओं को रोकने और प्रकृति को बचाने में किये गए कार्यो को साझा किया एवं इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता द्वारा सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संबंधी विभिन्न विषयों पर संक्षिप्त व्याख्यान आयोजित किया गया।

छत्तीसगढ़ सरकार के कई कर्मचारियों को यातायात, सड़क सुरक्षा, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति उनके बहुमूल्य योगदान के लिए आईएसईआई पुरस्कार से सम्मानित किया गया। देश के विभिन्न हिसों से कई कंपनियों एवं संस्थाएं जैसे डैनफॉस, कैपिटललैंड, बैकुंठ सीमेंट वर्क (अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की इकाई), भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बालको), डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड, श्री सीमेंट लिमिटेड (पावर प्लांट डिवीजन), ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड, बॉस इंडिया लिमिटेड, सिस्कल, गोदरेज, इनसोलरे एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, केईआईएल, रनसन सेरिऐट प्राइवेट लिमिटेड, बालको मेडिकल सेंटर संस्था ने भाग लिया और इन्हें सुरक्षा, स्वास्थय और पर्यावरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए आईएसईआई उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

देश के विभिन्न हिसों से आये व्यक्तिगत पेशेवर और एनजीओ को सुरक्षा, स्वास्थय और पर्यावरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए आईएसईआई उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

***************************

# 2. दिनांक 23/12/2023 का कार्यक्रम

Welcome to Chief Guest Dy. CIF C.G, Guest AD - IHS C.G & Dr. S. K Haldar



Program Venue & Awards



Safety Oath & Welcome Song



Chairman ISEI Shared Organisation Achievement & Future Plan



Dy. Chief Inspector of Factories, Shared importance of EHS in our Life



Brief Lecturer on Occupation Health & Safety by Dr. S. K. Haldar



## ISEI Excellance award to Organisation



## ISEI Excellance award to Professional



ISEI Excellance award to Traffic Police



Chhattisgadi Cultural Dance



Photos with Participants



## Program News Published in diffrent News Paper


इंस्टीट्यूशन ऑफ सेफ्टी इंजीनियर्स के द्वारा कार्यक्रम का हुआ आयोजन


डिजिटल छत्तीसगढ़ न्यूज़

इंस्टीट्यूशन ऑफ सेफ्टी इंजीनियर्स के द्वारा उत्कृष्टता पुरस्कार का किया गया आयोजन




ISEI holds Excellence Awards programme






CG 24 News

**Regd. Office:** 518, Usha Pride, Mowa, Raipur-492001, C.G **Contact No.:** +91-7765041960 **Email id:** info@iseindia.in
**Admin. Office:** Rampur Konder, Keseria, East Champaran-845424, B.R. **Website:** www.iseindia.in

## “Work Safer & Save Nature”

### "सुरक्षित कार्य करें और प्रकृति को बचाएं”

### 3. वेबिनार प्रोग्राम दिनांक 18 सितंबर 2023

**विषय (थीम) "Save People, Save Environment”**





### 4. प्रश्नोत्तरी विजेता




**दुर्घटना हमेशा समाज और देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुँचाती है इसलिए दुर्घटना को रोकने के लिए हमेशा सुरक्षित कार्य करें। भविष्य की पीढ़ी को बचाने (सुरक्षित रखने) के लिए प्रकृति को बचाना बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए पर्याप्त सुरक्षा का उपाय करें और प्रकृति को बचाएं।**





For Details

: +91-7765041960/ +91-6266474225 : info@iseindia.in

: www.iseindia.in